लिथियम-आयन बैटरी से संबंधित सुरक्षा के सामान्य सुझाव


लिथियम-आयन बैटरियाँ बड़ी मात्रा में ऊर्जा संग्रहीत करती हैं और इनका सही तरीके से उपयोग न करने पर ये अत्यधिक गरम हो सकती हैं, इनमें आग लग सकती हैं या ये विस्फोटित हो सकती हैं। यदि ऐसा होता है तो इससे लोग घायल भी हो सकते हैं।

लिथियम-आयन बैटरियाँ क्या हैं?

लिथियम-आयन बैटरियाँ बार-बार चार्ज़ की जा सकती हैं। इसका मतलब है कि आप उन्हें फिर से चार्ज़ कर सकते हैं और उनका प्रयोग कर सकते हैं।

इन बैटरियों का प्रयोग रोज़मर्रा की अनेक वस्तुओं में किया जाता है जैसे:

- मोबाइल फ़ोन
- टैबलेट और लैपटॉप
- पॉवर बैंक
- बैटरी से चलने वाले अधिक पॉवर वाले औज़ार
- मोबिलिटी स्कूटर और इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर
- ई-बाइकें और ई-स्कूटर
- इलेक्ट्रिक कारें



बैटरियाँ - क्या करें और क्या न करें

यह सब करें

- नए उपकरण और चार्ज़र विश्वसनीय दुकानों और विक्रेताओं से खरीदें।
- यह सुनिश्चित करें कि उपकरणों और चार्ज़रों पर नियामक अनुपालन चिह्न (RCM) हो।
- निर्माता के निर्देशों का पालन करें।
- केवल असली बैटरियों और चार्ज़रों का प्रयोग करें जो कि उत्पाद के साथ आए थे।
- जब उन्हें बदलने की आवश्यकता हो, तब भी केवल असली बैटरियों और चार्ज़रों का ही प्रयोग करें।
- चार्ज़र और उसके केबल की जाँच करें कि कहीं वे क्षतिग्रस्त तो नहीं हैं। यदि वे क्षतिग्रस्त हैं तो उनका प्रयोग न करें।
- हर पॉवर प्वाइंट में केवल एक ही उपकरण का प्लग लगाएँ।
- उपकरण को ऐसी किसी भी चीज़ से दूर रख कर चार्ज़ करें जो जल सकती है।
- उपकरणों को तभी चार्ज़ करें जब आप जाग रहे हों और घर पर हों।
- उपकरणों को कठोर सतहों पर रख कर चार्ज़ करें, जैसे टाइल या मेज़।
- बैटरी पूरी तरह चार्ज़ होने पर चार्ज़र को निकाल (अनप्लग कर) दें।
- बैटरी वहाँ चार्ज़ करें जहाँ स्मोक अलार्म काम कर रहे हैं।

यह सब न करें

- क्षतिग्रस्त बैटरियों, उपकरणों या चार्ज़रों का प्रयोग न करें।
- बैटरियों या उपकरणों को बिस्तर, सोफ़े, कंबल या तकिए पर रखकर चार्ज़ न करें।
- सोते समय या घर पर न होने पर चार्ज़ न करें।
- बैटरियों को गर्म जगहों पर जैसे धूप में या कार में चार्ज़ या स्टोर न करें।
- बैटरियों को गीली जगहों पर चार्ज़ या स्टोर न करें।
- दरवाज़े या भवन से बाहर निकलने के रास्ते में उपकरणों को चार्ज़ न करें।
- उपकरणों या बैटरियों में कोई बदलाव न करें।

CFA

FIRE RESCUE VICTORIA

लिथियम-आयन बैटरी से संबंधित सुरक्षा के सामान्य सुझाव

बैटरी ख़राब हो जाने के संकेत

लिथियम-आयन बैटरी क्षतिग्रस्त हो सकती है यदि:

- उसका आकार बदल जाता है या वह फूली हुई दिखती है।
- उसमें से तरल पदार्थ लीक कर रहा है।
- वह बहुत गरम महसूस हो रही है।
- उसमें दरार आई हुई है या वह कुचली हुई है (smashed)।
- उसमें से अज़ीब सी गंध आ रही है।
- उस में से धुआँ निकल रहा है।
- उसका रंग बदल गया है।
- वह पॉपिंग या हिसिंग की आवाज कर रही है।

आपात स्थिति में क्या करें

यदि वहाँ धुआँ या आग हो:

- घर या कमरे से बाहर निकल जाएँ और यदि ऐसा करना सुरक्षित हो तो दरवाज़े बंद कर दें।
- घर के लोगों से बाहर जाने के लिए कहें।
- बाहर किसी सुरक्षित स्थान पर जाएँ और बाहर ही रहें। **वापस अंदर न जाएँ।**
- **ट्रिपल ज़ीरो (000) पर कॉल करें** ऑपरेटर के साथ फ़ोन पर बात करते रहें।
- ऑपरेटर को बताएँ कि यह आग लिथियम-आयन बैटरी से लगी है।
- अग्निशामकों (firefighters) की प्रतीक्षा करें।


यदि बैटरी बहुत गरम है:

- यदि ऐसा करना सुरक्षित हो, तो उसका प्लग निकाल दें।
- बैटरी को उसकी जगह से हटाएँ नहीं।
- उस जगह से दूर चले जाएँ।
- यदि आग लग गई है तो **ट्रिपल ज़ीरो (000) पर** कॉल करें।

चिकित्सीय सहायता:

चिकित्सीय सहायता लें यदि:

- कोई लिथियम-आयन बैटरी के जलने से हो रहे धुएँ या रसायनों में साँस लेता है।
- कोई जल गया है।



- **क्षतिग्रस्त बैटरियाँ बहुत ख़तरनाक होती हैं।**
- **तुरंत उनका प्रयोग करना बंद कर दें।**
- **यदि ऐसा करना सुरक्षित है तो क्षतिग्रस्त बैटरी के प्लग को पॉवर प्वाइंट से निकाल दें।**

बैटरियों का सुरक्षित रूप से निपटान करना

यदि लिथियम-आयन बैटरी क्षतिग्रस्त है:

- यदि आपको बैटरी छूनी हो तो रबर के दस्ताने पहनें।
- लीक हो रही बैटरियों को प्लास्टिक के कंटेनर में रखें।
- क्षतिग्रस्त बैटरियों को बाहर, तथा इमारतों और ऐसी किसी भी चीज़ से दूर ले जाएँ जिसमें आग लग सकती है।
- सलाह के लिए अपनी स्थानीय परिषद या रीसाइक्लिंग सेवा से संपर्क करें।

यदि लिथियम-आयन बैटरी अब काम नहीं करती है लेकिन क्षतिग्रस्त नहीं हुई है:

- बैटरियों को कभी भी घरेलू चीज़ों के कूड़ेदान में न डालें।
- उन्हें न तो बेचें और न ही किसी को दें।
- बैटरियों को सुरक्षित तरीके से डाल कर आने के स्थान (ड्रॉप ऑफ) का पता लगाने के लिए अपनी स्थानीय परिषद से संपर्क करें।

CFA

FIRE RESCUE VICTORIA

अधिक जानकारी के लिए cfa.vic.gov.au **या** frv.vic.gov.au **पर जाएँ**